15.06.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर समय 18.30

प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को पीएम किसान सम्मान निधि योजना में करीब 20 हजार करोड़ रूपये किसानों के खातों में अंतरित करेंगे।

- राज्य सरकार ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी संवर्ग के सेवा नियमों संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी।

- संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ मिलकर काम करने को तैयार।

- प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में मानसून पूर्व की बारिश–17 जिलों में आंधी बारिश की चेतावनी ।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत करीब 20 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में अंतरित करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उस राशि का 9 करोड 3 लाख किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्षों में अब तक 11 करोड़ किसानों के खातों में तीन लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 18 जून को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है।

000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में पर्यटन की व्यापक संभावना है और यह क्षेत्र देश की इकोनॉमी का ड्राइवर बन सकता है। उन्होंने बताया कि आज पर्यटन देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत से ज्यादा का योगदान देता है। केन्द्र सरकार इस योगदान को बढ़ाने की दिशा में काम करेगी। आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में बहुत विभिन्नता है, जो पूरी दुनिया को आकर्षित करती है। भारत न केवल लोकतंत्र की मातृभूमि है, बल्कि कला, साहित्य, संस्कृति की भूमि भी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार निरंतरता के लिए पहचानी जाती है। केवल 100 दिन के एजेंडे और कोई मंत्री आकर आमूलचूल परिवर्तन कर देगा ऐसी कोई विधा नहीं है। उन्होंने कहा, मोदी की सरकार 2014 से जिस तरह से चली थी, उसके तहत हर क्षेत्र में निरंतर काम होता आया है।

000

राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को सुगम, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी संवर्ग के सेवा नियमों संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ''राजपत्रित सेवा नियम, 2024 तथा राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड –मंत्रालयिक और अधीनस्थ सेवा नियम, 2024 का अनुमोदन कर दिया है। साथ ही राजस्थान अधीनस्थ और मंत्रालयिक सेवाएं –सामान्य पात्रता परीक्षा नियम, 2022 में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से बोर्ड के सेवा नियमों के निर्धारण की राह खुलने के साथ ही बोर्ड के कार्मिक संवर्ग के चयन में सुगमता आएगी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के वाहन चालकों के पदनाम में एकरूपता लाते हुए शैक्षणिक योग्यता के सेवा नियमों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

000

अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के 11 वे दीक्षांत समारोह का आयोजन आज राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने समारोह में विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों का अनुसरण करे। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी अपने संबोधन में उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

000

देश में आगामी एक जुलाई से तीन नये आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। उनमें समय की मांग के अनुसार नये प्रावधान शामिल किये गए हैं। इसी के बारे में जागरूकता के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिन में श्रृंखला चलाई जा रही है। तीन नए प्रमुख कानूनों का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। भारतीय आत्मा वाले इन तीन कानूनों से पहली बार हमारी आपराधिक न्यायिक प्रणाली भारत द्वारा, भारत के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से चलेगी।
इन कानूनों के लागू होने के बाद एफआईआर से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाएगी और भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में आधुनिक तकनीक का सबसे अधिक इस्तेमाल करने वाला देश बन जाएगा। यह कानून 'तारीख–पे–तारीख' के चलन की समाप्ति सुनिश्चित करेंगे और देश में एक ऐसी न्यायिक प्रणाली स्थापित होगी जिसके जरिए तीन वर्षों के भीतर न्याय मिल सकेगा।

000

-----------------

18वीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू हो रहा है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज कहा कि सरकार संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी राजनीतिक दलों और सदस्यों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। श्री रिजिजू ने कहा कि लोकसभा के पहले सत्र में परम्परा के अनुसार नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जायेगी, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और फिर संसद में संयुक्त रूप से दोनों सदनों के लिए राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा।

000

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव मंत्री ने आज अलवर में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सरिस्का को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यारण्य मेंइको सेंसेटिव जोन जल्द फाइनल किया जायेगा। उन्होंने ये भी बताया कि अलवर जिले में मांग के अनुसार पानी उपलब्ध करवाने के प्रयास किये जा रहे हैं। फिलहाल 6 करोड़ लीटर पानी की मांग के मुकाबले 3 करोड़ लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही है।

000

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि संस्थान की ओर से योग दिवस के 100 दिन पहले से जनजागरूकता को लेकर लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

----------------------

प्रदेश में विभिन्न जिलों में योग के प्रति जागरूकता के लिये योग अभ्यास के कार्यक्रम हो रहे हैं। बूंदी में कल से पुलिसकर्मियों के लिए 5 दिवसीय योग शिविर शुरू होगा। शहर की आशा सहयोगियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए अलग से 2 दिन का योग शिविर लगाया जायेगा। वहीं योग सप्ताह के तहत आज खेल संकुल में उच्च रक्तचाप हृदयरोग के उपचार के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया।

000

21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया पर लोगों को योग करने के लिये प्रेरित कर रही है। आज श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अर्ध चक्रासन की एक वीडियो क्लिप साझा की। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि स्वस्थ हृदय और बेहतर रक्त प्रवाह के लिए आसन का अभ्यास करें।

000

सवाईमाधोपुर जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने खण्डार पंचायत समिति के फलौदी गांव में रात्रि चौपाल लगायी। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और गर्मी में पानी–बिजली, चिकित्सा सहित अन्य समस्याओं के जल्द निपटारे के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को भीषण गर्मी के मद्दे नजर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह चूरू जिले के सालासर में जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने रात्रि चौपाल लागाकर आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इससे पहले जिला कलेक्टर ने गौशाला का निरीक्षण किया और सरकारी अस्पताल में भर्ती रोगियों से बात की।

000

प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में कुछ स्थानों पर मानसून पूर्व की बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज आकाशवाणी को ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में कई जगह प्री–मानसून गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। 18 जून के बाद इनमें और बढ़ोतरी होगी। इस बीच मौसम केंद्र जयपुर ने आज 17 जिलों में आंधी–बारिश की चेतावनी का येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। जयपुर, भरतपुर, अलवर में दोपहर बाद कुछ जगह आंधी चली, वहीं कहीं–कहीं बादल छाये रहे। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज बांसवाड़ा, बारां, बूंदी, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, राजसमंद, प्रतापगढ़, सिरोही, उदयपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, जालोर और पाली में 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज आंधी चलने, बादल छाने और कहीं–कहीं गरज–चमक के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है।

000

विदेश मंत्रालय और भारतीय स्टेट बैंक के बीच अतिरिक्त डिजिटल भुगतान सेवाओं को लेकर एक समझौता हुआ है। इस समझौते के अनुसार प्रवासी भारतीय श्रमिकों, भर्ती एजेंट और ई–माइग्रेट पोर्टल के उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त डिजिटल भुगतान सेवाएं दी जायेंगी। इस पहल से, सभी भारतीय बैंकों के नेट बैंकिंग के माध्यम से यूपीआई, क्रेडिट या डेबिट कार्ड और एनईएफटी के माध्यम से भुगतान के लिए शून्य लेनदेन शुल्क के साथ विभिन्न उत्प्रवास–संबंधी शुल्क का भुगतान हो सकेगा। मंत्रालय ने आज कहा कि यह समझौता ज्ञापन प्रवासी भारतीय श्रमिकों के सुरक्षित और कानूनी प्रवास के दायरे को अधिक सुविधाजनक बनायेगा। मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव ब्रम्ह कुमार और भारतीय स्टेट बैंक की ओर से महाप्रबंधक नीलेश द्विवेदी ने नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

000